छत्तीसगढ़ शासन
योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग
**प्रेस नोट**

आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2022–23, के प्रमुख बिन्दू सकल राज्य घरेलू उत्पाद GSDP(Gross State Domestic Product) के वर्ष 2021–22 का त्वरित एवं 2022–23 का अग्रिम अनुमान

विधानसभा बजट सत्र में छत्तीसगढ़ राज्य का "आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2022–23" पटल पर प्रस्तुत किया गया। इस प्रकाशन के प्रमुख बिन्दू में राज्य का सकल घरेलू उत्पाद के अनुमान (GSDP) वर्ष 2021–22 का त्वरित एवं वर्ष 2022–23 का अग्रिम अनुमान संक्षेप में विवरण निम्नानुसार एवं तालिका 1 एवं 2 में दिया गया है। साथ ही अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं, समाजार्थिक स्थिति उसे प्रभावित करने वाले आधारभूत घटकों एवं राज्य शासन की योजनाओं के संदर्भ में प्रगति की विवेचनात्मक अध्ययन है।

1. **सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) वर्ष 2022–23 में प्रगति की सम्भावनायें** :–

1.1 **स्थिर भावों पर (आधार वर्ष 2011–12)**:– अग्रिम अनुमान वर्ष 2022–23 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद बाजार मूल्य (GSDP at Market Prices) पर गत वर्ष 2021–22 की तुलना में 8.00 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित है। जिसमें कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र (कृषि, पशुपालन, मत्स्य एवं वन) में 5.93 प्रतिशत वृद्धि, उद्योग क्षेत्र (निर्माण, विनिर्माण, खनन एवं उत्खनन, विद्युत, गैस तथा जल आपूर्ति सम्मिलित) 7.83 प्रतिशत वृद्धि एवं सेवा क्षेत्र में 9.21 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित है।

1.2 **प्रचलित भावों पर** :– अग्रिम अनुमान वर्ष 2022–23 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (बाजार मूल्य) (GSDP at Market Prices) पर गत वर्ष 2021–22 के रुपये 406416 करोड़ से बढ़कर रुपये 457608 करोड़ होना संभावित है, जो कि 12.60 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। जिसमें वर्ष 2021–22 में कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र रुपये 85492 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2022–23 में रुपये 94635 करोड़, इसी प्रकार उद्योग क्षेत्र में रुपये 163616 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2022–23 में रुपये 183586 करोड एवं सेवा क्षेत्र में रुपये 136329 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2022–23 में रुपये 155995 करोड होना संभावित है, जो कि गत वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि क्रमशः 10.70, 12.21 एवं 14.43 प्रतिशत आंकलित है।

**2. वर्ष 2021–22 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) के त्वरित अनुमान स्थिर भावों (आधार वर्ष 2011–12) पर** :– राज्य के सकल घरेलू उत्पाद बाजार मूल्य (GSDP at Market Prices) त्वरित अनुमान के अनुसार गत वर्ष 2020–21 की तुलना में वर्ष 2021–22 में 8.46 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जिसमें कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र (कृषि, पशुपालन, मत्स्य एवं वन) में 4.33 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र (निर्माण, विनिर्माण, खनन एवं उत्खनन, विद्युत, गैस तथा जल आपूर्ति सम्मिलित) में 8.07 प्रतिशत एवं सेवा क्षेत्र में 9.80 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

3. प्रति व्यक्ति आय (निवल राज्य घरेलू उत्पाद Net State Domestic Product) प्रचलित भावों पर :– प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2021–22 के त्वरित अनुमान के अनुसार 1,20,704 (एक लाख बीस हजार सात सौ चार) रूपये से बढ़कर वर्ष 2022–23 अग्रिम अनुमान में 1,33,898 (एक लाख तैंतीस हजार आठ सौ अठानवे) रूपये होना अनुमानित है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.93 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है।

तालिका:–(1) छत्तीसगढ़ राज्य का सकल घरेलू उत्पाद स्थिर (2011–12) भावों पर

(लाख रुपये में)

| क्षेत्र समूह | 2019-20 | 2020-21 (P) | 2021-22 (Q) | 2022-23 (A) | पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि / कमी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2020-21 (P) | 2021-22 (Q) | 2022-23 (A) |
| कृषि | 39,90,204 | 41,72,014 | 43,52,524 | 46,10,803 | 4.56 | 4.33 | 5.93 |
| उद्योग | 1,16,22,812 | 1,16,74,378 | 1,26,15,960 | 1,36,03,264 | 0.44 | 8.07 | 7.83 |
| सेवा | 79,02,310 | 75,53,983 | 82,94,627 | 90,58,266 | -4.41 | 9.80 | 9.21 |
| सकल राज्य घरेलू मूल्य वर्धन (आधार मूल्य पर) | 2,35,15,326 | 2,34,00,375 | 2,52,63,111 | 2,72,72,333 | -0.49 | 7.96 | 7.95 |
| उत्पाद कर–उत्पाद सब्सिडी | 16,17,140 | 12,79,984 | 15,04,975 | 16,35,908 | -20.85 | 17.58 | 8.70 |
| **सकल राज्य घरेलू उत्पाद (बाजार मूल्य पर)** | 2,51,32,466 | 2,46,80,359 | 2,67,68,086 | 2,89,08,241 | -1.80 | 8.46 | 8.00 |

तालिका:–(2) छत्तीसगढ़ राज्य का सकल घरेलू उत्पाद (प्रचलित भावों पर)

(लाख रुपये में)

| क्षेत्र समूह | 2019-20 | 2020-21 (P) | 2021-22 (Q) | 2022-23 (A) | पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि / कमी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2020-21 (P) | 2021-22 (Q) | 2022-23 (A) |
| कृषि | 71,86,254 | 78,17,765 | 85,49,180 | 94,63,522 | 8.79 | 9.36 | 10.70 |
| उद्योग | 1,34,49,482 | 1,35,69,408 | 1,63,61,567 | 1,83,58,570 | 0.89 | 20.58 | 12.21 |
| सेवा | 1,18,59,401 | 1,18,08,573 | 1,36,32,900 | 1,55,99,495 | -0.43 | 15.45 | 14.43 |
| सकल राज्य घरेलू मूल्य वर्धन (आधार मूल्य पर) | 3,24,95,137 | 3,31,95,746 | 3,85,43,647 | 4,34,21,587 | 2.16 | 16.11 | 12.66 |
| उत्पाद कर–उत्पाद सब्सिडी | 19,69,676 | 15,79,500 | 20,97,935 | 23,39,239 | -19.81 | 32.82 | 11.50 |
| **सकल राज्य घरेलू उत्पाद (बाजार मूल्य पर)** | 3,44,64,813 | 3,47,75,246 | 4,06,41,582 | 4,57,60,826 | 0.90 | 16.87 | 12.60 |

(P)= Provisional, (Q)= Quick, (A)= Advance

# प्रेसवार्ता

## छत्तीसगढ़ आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2022–23 – प्रमुख बिन्दु

1– छत्तीसगढ़ राज्य का जी.एस.डी.पी. स्थिर भावों पर वर्ष 2021–22 में 2 लाख 67 हजार 6 सौ 81 करोड़ रूपये से बढ़कर वर्ष 2022–23 में 2 लाख 89 हजार 82 करोड़ रूपये अनुमानित है। इस वर्ष विकास दर 8.00 प्रतिशत होना अनुमानित है।

2– छत्तीसगढ़ एवं भारत के जी.डी.पी. विकास दर स्थिर भावों (आधार वर्ष 2011–12) पर तुलनात्मक विवरण–

| वर्ष | छत्तीसगढ़ | भारत |
|---|---|---|
| 2022–23 | 8.0% | 7.0% |

3– छत्तीसगढ़ राज्य का जी.एस.डी.पी. (प्रचलित भावों पर) वर्ष 2022–23 में 4 लाख 57 हजार 6 सौ 8 करोड़ रूपये अनुमानित है। इस वर्ष जी.एस.डी.पी. (प्रचलित भावों पर) विकास दर 12.60 प्रतिशत होना अनुमानित है।

4– जी.एस.डी.पी. के घटकों की विकास दर स्थिर भावों (आधार वर्ष 2011–12) में छत्तीसगढ़ एवं भारत का तुलनात्मक विवरण–

| क्षेत्र | वर्ष 2022–23 | | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| | छत्तीसगढ़ | भारत | |
| **कृषि क्षेत्र** | **5.93** | **3.45** | अखिल भारतीय वृद्धि दर से तुलनात्मक रुप से हमारा प्रदर्शन बेहतर रहना अनुमानित है। वर्ष 2022–23 में अखिल भारत की तुलना में कृषि, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में अधिक वृद्धि हुई है। जो कि शासन की नीतियों एवं योजनाओं के कियान्वयन के फलस्वरूप तुलनात्मक रूप से वृद्धि परिलक्षित हुई है। |
| **उद्योग क्षेत्र** | **7.83** | **4.11** | |
| **सेवा क्षेत्र** | **9.21** | **9.14** | |

5– जी.डी.पी. स्थिर भाव (आधार वर्ष 2011–12) में **क्षेत्रवार योगदान** का छत्तीसगढ़ एवं भारत का तुलनात्मक विवरण–

| क्षेत्र | वर्ष 2022-23 | |
|---|---|---|
| | छत्तीसगढ़ | भारत |
| कृषि क्षेत्र | **16.9%** | **15.0%** |
| उद्योग क्षेत्र | **49.9%** | **30.0%** |
| सेवा क्षेत्र | **33.2%** | **55.0%** |

6– प्रति व्यक्ति आय (निवल राज्य घरेलू उत्पाद प्रचलित भावों पर)

| वर्ष 2022–23 | छत्तीसगढ़ | भारत |
|---|---|---|
| प्रति व्यक्ति आय (रूपयों में) | 1 लाख 33 हजार 898 | 1 लाख 70 हजार 620 |
| वृद्धि प्रतिशत में | 10.93 % | 13.7 % |